भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
20.07.2022 के
अतारांकित प्रश्न सं. 542 का उत्तर

मुंबई से अहमदाबाद तक बुलेट ट्रेन

542. श्री सुधीर गुप्ता:
श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:
श्री विद्युत बरन महतो:
श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक:
श्री सुब्रत पाठक:
श्री प्रतापराव जाधव:
श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मुंबई से अहमदाबाद तक सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी 508 किलोमीटर लंबी बुलेट ट्रेन परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है;
(ख) क्या उक्त परियोजना से संबंधित भूमि अधिग्रहण का कार्य पूरा कर लिया गया है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसे कब तक पूरा किए जाने की संभावना है;
(घ) क्या कुछ प्रमुख क्षेत्रों में अधिग्रहण से बुलेट ट्रेन परियोजना की प्रगति में देरी हो रही है; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा बुलेट ट्रेन परियोजना के समय पर निर्माण और लागत वृद्धि को कम करने के लिए सभी बाधाओं को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क): मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल (एमएएचएसआर) परियोजना (508 कि.मी.) इस समय जापान सरकार की वित्तीय और तकनीकी सहायता से निष्पादित की जा रही है। इस परियोजना

को कार्यान्वित करने के लिए नेशनल हाई स्पीड रेल कारपोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) नामक एक विशेष प्रयोजन योजना (एसपीवी) का गठन किया गया है। एमएएचएसआर परियोजना की वर्तमान स्थिति निम्नानुसार है: -

(i) अंतिम भूमि-सर्वेक्षण और भू-तकनीकी जांच पूरी हो गई है। संरेखण को अंतिम रूप दे दिया गया है।

(ii) गुजरात में वन्यजीवों, तटीय विनियमन क्षेत्र (सीआरजेड) और वन स्वीकृति से संबंधित सांविधिक स्वीकृतियां प्राप्त की गई हैं।

(iii) अपेक्षित कुल लगभग 1396 हैक्टेयर भूमि में से 1264 हैक्टेयर भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है।

(iv) पूरे परियोजना कार्य को वडोदरा प्रशिक्षण संस्थान सहित 28 संविदा पैकेजों में विभाजित किया गया है। इस समय 15 पैकेज संविदा पर दे दिए गए हैं, 04 पैकेज का मूल्यांकन किया जा रहा है और 09 पैकेजों के लिए निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी) प्रकाशित किया जाना है।

(v) गुजरात एवं दादरा व नगर हवेली में स्थित कुल 352 किमी की परियोजना में से दिसम्बर, 2020 से 352 किमी में विभिन्न चरणों में सिविल कार्य शुरू हो गए हैं।

(vi) 1651 में से 1506 जनोपयोगी सेवाओं को स्थानांतरित कर दिया गया है।

(vii) गुजरात में 86 कि.मी. के लिए नींव और 75 कि.मी. खम्भा संबंधी कार्य पूरा कर लिया गया है।

(ख) से (घ): एमएएचएसआर परियोजना के लिए अपेक्षित कुल 1396 हेक्टेयर भूमि में से लगभग 90% अर्थात् लगभग 1264 हेक्टेयर भूमि अधिगृहित कर ली गई है। शेष भूमि के अधिग्रहण के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं।

(ङ): एमएएचएसआर परियोजना के निष्पादन की उच्चतम स्तर पर नियमित रूप से समीक्षा की जा रही है। इसके अतिरिक्त, परियोजना को शीघ्र पूरा करने के लिए रेल मंत्रालय और एनएचएसआरसीएल भी लंबित मुद्दों को शीघ्र निपटाने के लिए राज्य सरकारों के साथ कार्यान्वयन का निरंतर अनुसरण कर रहे हैं।

******

s.k